BEP- 747 / 12.05.2020

बिहार शिक्षा परियोजना
कस्टम चौक, रूईधासा, किशनगंज–855107

Bihar Education Project
Ruidhasa Custom Chowk, Kishanganj-855107

कार्यालय आदेश

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक–2215, दिनांक–27.04.2026 के द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के नियोजन के संबंध में समय–सारणी निर्गत की गई है। निर्गत समय सारणी एवं दिये गए निर्देश तथा इस संबंध में जिला नियोजन समिति के दिनांक–12.05.2026 को आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों का काउंसलिंग निम्न रूपेण निर्धारित किया जाता है–

1. काउंसिलिंग दिनांक–19.05.2026 से 22.05.2026 के बीच पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्न तालिका अनुसार इंटर हाई स्कूल, डे मार्केट, किशनगंज में आयोजित किया जाएगा–

क्र०सं०	काउंसिलिंग की तिथि	काउंसिलिंग का समय	पद का नाम	अभ्यर्थी क्र०सं०	काउंसिलिंग का स्थान
01	19.05.2026	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक	रात्रि प्रहरी	1 से 209	इंटर हाई स्कूल, डे मार्केट, किशनगंज
02	20.05.2026		मुख्य रसोईया	1 से 44	
03	20.05.2026		सहायक रसोईया	1 से 32	
04	21.05.2026		अनुसेवक	1 से 152	
05	22.05.2026		छूटे हुए सभी अभ्यर्थी	......	

2. सभी अभ्यर्थी उपरोक्त तालिका एवं संलग्न सूची के अनुसार क्रमवार काउंसिलिंग तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित तिथि के अलावे अन्य किसी भी तिथि में काउंसिलिंग आयोजित नहीं की जाएगी। किसी अभ्यर्थी द्वारा अति विशेष परिस्थिति अथवा किसी गंभीर कारण से काउंसिलिंग में भाग नहीं ले पाते हैं तो कारण सहित साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत संबंधित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग दिनांक–22.05.2026 को आयोजित की जाएगी।

3. सभी संबंधित अभ्यर्थी के काउंसिलिंग के समय अपने आवेदन पत्र, उसके साथ संलग्न 1. शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, 2. आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र, 3. जाति प्रमाण–पत्र, 4. निवास प्रमाण–पत्र, 5. आधार कार्ड, 6. पैन कार्ड, 7.अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेख की स्वच्छ स्व अभिप्रमाणित प्रति लेकर आयेंगे। साथ ही सभी अभिलेख का मूल प्रति भी लेकर काउंसिलिंग में भाग लेंगे।

4. काउंसिलिंग हेतु कार्यालय आदेश एवं पदवार अभ्यर्थी की सूची एवं उनके काउंसिलिंग का काउन्टर, तिथि, समय एवं स्थान जिले के NIC वेबसाईट - **https://kishanganj.nic.in** पर प्रकाशित की जायेगी, जहाँ संबंधित अभ्यर्थी अपने काउंसिलिंग की तिथि/समय/स्थान आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

5. काउंसिलिंग इंटर हाई स्कूल, डे मार्केट, किशनगंज में दिनांक–19.05.2026 से 22.05.2026 बीच आयोजित की जाएगी । प्रत्येक दिवस अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग एवं उनका स्थान, उनका कमरा संख्या, जो निर्धारित है,

12/5/26

की सूचना काउंसिलिंग स्थल पर चिपका दिया जाएगा, जहाँ अभ्यर्थी अपने आवंटित कमरे की जानकारी देख सकते हैं।

अनु0:1. 209 रात्रि प्रहरी पद हेतु अभ्यर्थी की सूची।
2. 152 अनुसेवक पद हेतु अभ्यर्थी की सूची
3. 44 मुख्य रसोईया पद हेतु अभ्यर्थी की सूची।
4. 32 सहायक रसोई पद हेतु अभ्यर्थी की सूची।

12/05/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
जिला नियोजन समिति (KGBV)
किशनगंज।

ज्ञापांक BEP-747, किशनगंज, दिनांक 12.05.2026

प्रतिलिपिः सभी संबंधित अभ्यर्थी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रधानाध्यापक, इंटर हाई स्कूल, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, एन.आई.सी. किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि कार्यालय आदेश एवं अभ्यर्थियों से संबंधित सूची किशनगंज जिला के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाए। साथ ही उपलब्ध कराये गये Excel Copy के आधार पर सभी अभ्यर्थियों को SMS एवं ई–मेल के माध्यम से काउंसिलिंग से संबंधित सूचना भेजने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपिः जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, किशनगंज को सूचनार्थ ।

प्रतिलिपिः श्री प्रह्लाद कुमार, खेल पदाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः श्रीमती सुनिता कुमारी, वरीय उप समाहर्त्ता , किशनगंज को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी, किशनगंज की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

12/05/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
जिला नियोजन समिति (KGBV)
किशनगंज।

12/5/26